
# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# 28 पर्यटकों के कोरोना संक्रमित मिलने से प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप

**जिम्मेदार कौन**

## सभी पर्यटक लौट चुके हैं घर वापस

**संवाददाता**

ऋषिकेश/देहरादून। नए साल का जश्न मनाने ऋषिकेश आए 28 पर्यटकों के कोरोना संक्रमित मिलने से प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। सभी पर्यटक घर वापस लौट चुके हैं। स्वास्थ विभाग पर्यटकों को फोन कर उनके संपर्क में आए स्थानीय लोगों की जानकारी जुटा रहा है। सोमवार को पौड़ी स्वास्थ विभाग को मिली आरटीपीसीआर जांच की रिपोर्ट में लक्ष्मण झूला घूमने आए 28 पर्यटक कोरोना पॉजिटिव पाए गए। 31 दिसंबर को इन पर्यटकों के सैंपल लिए गए थे। यमकेश्वर ब्लॉक के कोविड नोडल अधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि कोरोना संक्रमित पर्यटक दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मेरठ व मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं।

उन्होंने बताया कि सभी पर्यटक वापस अपने घर लौट चुके हैं। पर्यटकों के संक्रमित मिलने की सूचना संबंधित जिले के स्वास्थ्य विभाग को भेज दी गई है। वहीं संक्रमित को फोन कर उनके संपर्क में आए स्थानीय लोगो के बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है। संक्रमित पर्यटक जिस होटल, जंगल कैंप और होमस्टे में रुके थे, वहां के सभी कर्मचारियों की कोरोना जांच के लिए सैंपल लिए जाएंगे।

देहरादून जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार थम नहीं रही है। लगातार बड़ी संख्या में मरीजों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हो रही है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग रणनीति में बदलाव कर रहा है। संक्रमण की दर बढ़ने पर विभाग अब कंटनमेंट और माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाने पर जोर दे रहा है। फिलहाल आठ कंटेनमेंट जोन बनाए जाने की संस्तुति की गई है। अस्पतालों को भी अतिरिक्त सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

पिछले कुछ दिन से जिले में कोरोना मरीजों की जो संख्या सामने आ रही है वह चिंता बढ़ाने वाली है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मान रहे हैं कि संक्रमण इसी तेजी से फैलता रहा तो इसके कम्यूनिटी ट्रांसमिशन से इनकार नहीं किया जा सकता है। बहुत जल्द यह कोरोना की तीसरी लहर के रूप में कम्यूनिटी में आ सकता है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी डॉ. आर राजेश कुमार, जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज उप्रेती, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. राजीव दीक्षित और पुलिस के अधिकारी समेत विभिन्न विशेषज्ञ लोगों से कोविड गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने की अपील कर रहे हैं।

### अभी जिले में छह कंटेनमेंट जोन बने

जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया कि लूनिया मोहल्ला (यहां ओमीक्रोन संक्रमित मरीज मिला था), मसूरी में देव निकेतन(छह कोरोना मरीज), पशुलोक ऋषिकेश में कृष्णा गली नंबर दो (तीन संक्रमित), दून विहार जाखन (दो मरीज), सेलाकुई में निगम रोड (तीन मरीज), पीएनबी एन्कलेव (चार मरीज), अंसारी रोड बिंदाल पुल (दो मरीज), विस्थापित कॉलोनी सनसाइन अपार्टमेंट (दो मरीज) में माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को संस्तुति भेजी है। अभी जिले में छह कंटेनमेंट जोन बने हैं। प्रदेश सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद 31 दिसंबर 2021 तक उत्तराखंड में वैक्सीन की दोनों डोज देने का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है। निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद अब भी कम से कम 13.55 लाख वैक्सीन डोज लगाई जानी बाकी है।

---


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रा०नि०वि० प्रखण्ड, देहरादून
तपोवन रोड, ,रायपुर रोड, देहरादून।

पत्रांक सं0 3168/प्रा0नि0वि0/निविदा सूचना/2021–22    दिनांक 3–1–2022

।। निविदा निरस्तीकरण सूचना।।

इस कार्यालय की निविदा सूचना पत्रांक–3120 दिनांक 29–12–2021 के द्वारा दिनांक 05–01–2022 को आमंत्रित निविदा अपरिहार्य कारणों से एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रा0नि0वि0 प्रखण्ड,
देहरादून।


## न्यूज डायरी

### बीएसएनएल अधिकारी बताकर 60 हजार की ठगी

**संवाददाता** देहरादून। बीएसएनएल कार्यालय का अधिकारी बनकर साइबर ठग ने 60 हजार रुपये खाते से गायब कर दी। बेटे की शिकायत पर शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल कैलाश चंद भट्ट के मुताबिक तिलक रोड निवासी रोहित टनरवा ने शिकायत कर बताया कि 16 दिसंबर को उनके पिता के फोन पर कॉल आई।

# आयकर विभाग वालों कभी नेताओं पर भी नजरें डालो: मोर्चा

■देश के कई नेता एक हजार करोड़ तक के साम्राज्य खड़े कर चुके

■20–30 साल पहले तक थे खाने के लाले

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश में अधिकांश नेताओं ने खनन,शराब, विधायक निधि में कमीशन खोरी, गर लाइसेंसी ठेकेदारी आदि से काली कमाई कर एवं जनता को लूटकर 500–1000 करोड़ से ऊपर के साम्राज्य खड़े कर दिए हैं, लेकिन आयकर विभाग (सीबीडीटी) इन मगरमच्छों पर हाथ डालने से क्यों डरता है, बहुत ही आश्चर्य जनक बात है! नेगी ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश मौजूदा विधायकध् मंत्री (पूर्व मंत्री व विधायक) जनता को लूट कर अपनी काली कमाई को अपने रिश्तेदारों, निकट संबंधियों एवं अपने स्टाफ के लोगों के नाम पर जमा कर अपनी काली कमाई में इजाफा करने में लगे हैं, लेकिन इन नेताओं पर हाथ डालने के बजाए विभाग वाले छोटी– मोटी मछलियों यानी व्यापारियों एवं सरकार के विरोधियों पर हाथ डालने तक ही सीमित है। नेगी ने आयकर विभाग के अधि कारियों पर तंज कसते हुए कहा कि कभी मगरमच्छ रूपी इन नेताओं पर भी हाथ डालो, जिससे राजस्व में आमूलचूल वृद्धि हो।


कार्यालय सहायक अभियन्ता
वि0/यां0 खण्ड, लो0नि0वि0, देहरादून।

पत्रांक:–561/निविदा    दिनांक: 30–12–2021

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम श्री राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से सहायक अभियन्ता, वि0/यां0 खण्ड, लो0नि0वि0 देहरादून द्वारा निम्नलिखित कार्य की सीलबंद निविदाएं दिनांक 18.01.2022 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 05.01.2022 से दिनांक 17.01.2022 तक किसी भी कार्यदिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 18.01.2022 को अपराहन 03.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते है।

1– कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 11वां वृत्त, लो0नि0वि0, देहरादून।
2– कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
3– कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, वि0/या0 खण्ड, लो0नि0वि0, देहरादून।
4– कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, वि0/या0 खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि (रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | निविदा की वैधता | कार्य की समाप्ति अवधि | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तराखण्ड भवन वाशी नवीं मुम्बई में भूतल स्थित वी0आई0पी0 पार्किंग में डोरमेट्री, अनुरक्षण ऑफिस, किचन स्टोर, टॉयलेट आदि में विद्युत कार्य। | 9200/– | 500 +18% GST | 120 दिन | 4 माह | लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड में विद्युत कार्यो हेतु श्रेणी ए में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म |

निविदा दिनांक 19.01.2022 को अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

कार्यालय
सहायक अभियन्ता
वि0/यां0 खण्ड,
लो0नि0वि0, देहरादून।


# सोशल मीडिया का लोक प्रशासन पर प्रभाव पर आधारित शोध कार्य की प्रति सचिव सूचना को सौंपी

**संवाददाता** देहरादून। सूचना विभाग के उपनिदेशक नितिन उपाध्याय ने सोशल मीडिया का लोक प्रशासन पर प्रभाव विषय पर आधारित शोध कार्य की प्रति सोमवार को सचिवालय में सचिव सूचना डॉ पंकज कुमार पांडे और महानिदेशक सूचना रणवीर सिंह चौहान को प्रस्तुत की। सचिव सूचना डॉ पंकज पांडे ने श्री उपाध्याय को बधाई देते हुए कहा कि शोध कार्य में सोशल मीडिया और लोक प्रशासन से संबंधित जो निष्कर्ष आए हैं उनको शासन को भी प्रेषित किया जाए। डॉ पांडेय ने कहा कि सोशल मीडिया का विगत एक दशक में समाज के प्रत्येक क्षेत्र पर गहरा प्रभाव पड़ा है और लोक प्रशासन भी इससे अछूता नहीं रहा है।



आज सरकार के कई विभागों को जनता तक अपना कार्य पहुँचाने के लिए सोशल मीडिया अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। डॉक्टर पांडेय ने कहा कि सोशल मीडिया को सरकारी तंत्र में प्रभावशाली तरीके से प्रयोग किया जाना समय की मांग है।

सूचना महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान ने आशा व्यक्त की कि उपाध्याय द्वारा किया गया शोध कार्य विभागीय गतिविधियों और प्रचार प्रसार कार्य में सोशल मीडिया के समुचित उपयोग हेतु एक महत्वपूर्ण कार्य सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि सूचना विभाग द्वारा अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर उत्तराखंड सरकार हेतु एक समग्र सोशल मीडिया नीति बनाने पर विचार किया जाएगा। अपर निदेशक डॉ अनिल चंदोला ने श्री उपाध्याय द्वारा किए गए शोध कार्य को विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया।

उल्लेखनीय है कि उप निदेशक नितिन उपाध्याय को उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा मास कम्युनिकेशन विषय में शोध उपाधि प्रदान की गयी है। यह शोध कार्य डॉक्टर आर बी पांडे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ है।

## सीएम ने पुलिस अधिकारियों की पीठ थपथपाई

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नानकमत्ता हत्याकांड का खुलासा करने पर डीआईजी कुमाऊं नीलेश आनंद भरणे, एसएसपी दलीप सिंह कुमार, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत व जाँच टीम की पीठ थपथपाई। इसके साथ ही उन्होंने खुलासा करने वाली टीम को 250000 इनाम देने की घोषणा की।

# सीएम ने निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया



**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा पहुंचकर खटीमा में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने खटीमा बाईपास निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान एनएचआई के अधिकारियों को 15 फरवरी तक बाईपास निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।